


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# मतदाता सूची में नहीं है नाम, ये 12 डॉक्यूमेंट दिखाकर कर सकते हैं मतदान: चुनाव आयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बुधवार को निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दिशा-निर्देशों से केवल प्रत्याशियों को ही नहीं, अपितु अपने कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित करायें।



**इन 12 पहचान पत्रों को दिखाकर भी कर सकते हैं मतदान:** इस बैठक में कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य 12 पहचान पत्र चिह्नित किये गये हैं। इसे दिखाकर मतदाता सूची में नाम रहने पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र में शामिल हैं- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआइ द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किये गये आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आइडी शामिल हैं।

इस दौरान कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी सूचना देते हुए कहा कि इसे लेकर वे अपने स्तर से भी जागरूकता फैलायें, जिससे जागरूकता के अभाव में कोई मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग अपेक्षित है।

उक्त बैठक में के रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा विधानसभा निर्वाचन में आने वाली समस्या अथवा संशय की स्थिति के बारे में जाना। उसके बाद भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए उसके निराकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# इंडी गठबंधन को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अपना समर्थन देगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरदचंद्र पवार एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले के निर्देशानुसार झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्णय लिया है कि झारखंड प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन को अपना समर्थन देगी। प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी बुधवार को दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड पर्यवेक्षक कुमार ज्ञानेंद्र, मुकेश कुमार ठाकुर, संतोष कुमार सिंह, प्रभा सिंह, लक्ष्मण कच्छप, मोहम्मद रसीद अंसारी उपस्थित थे।

## भाई-बहन के अटूट बंधन का पर्व भैया दूज 3 नवंबर को

रांची। भैया दूज 3 नवंबर को मनाया जायेगा। कार्तिक मास द्वितीया तिथि का आरंभ 2 नवंबर को रात 8 बजकर 22 मिनट पर हो जायेगा। वहीं कार्तिक द्वितीया तिथि 3 नवंबर को रात में 10 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। उदया तिथि होने के कारण भैया दूज का पर्व 3 नवंबर को मनाया जायेगा। पांच दिवसीय दीपोत्सव का ये अंतिम दिन है। भैया दूज, गोवर्धन पूजा के अगले दिन मनाया जाता है।

# एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनएमएल मुख्यालय में बुधवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन हुआ। यह कार्यक्रम 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2024 तक चलेगा। इस मौके पर सीइओ अनिमेष जैन ने अखंडता प्रतिज्ञा समारोह का नेतृत्व किया। इस वर्ष के उत्सव की थीम है राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति। कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्हें केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर जाकर इ-शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह में निबंध, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य हितधारकों के बीच जागरूकता बढ़ाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना और एक सतर्क और पारदर्शी राष्ट्र के निर्माण की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।




# विकास पब्लिक स्कूल में दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची में दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली और तोरण मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं चार हाउस - गांधी, तिलक, टैगोर, आजाद में विभाजित होकर वर्ग छह से दशम तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय निदेशक संजय कुमार और प्रधानाचार्या अंशु तिवारी ने दीपावली के महत्व को समझाया। रंगोली प्रतियोगिता में टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गांधी हाउस द्वितीय स्थान पर रही। तोरण द्वार मेकिंग में गांधी हाउस प्रथम स्थान पर रही, जबकि आजाद हाउस दूसरे स्थान पर रही। इस कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय सचिव विकास गौरव, अभिभावकगण, शिक्षकगण व अन्य का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।



# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनी दीपावली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने दिवाली का पर्व पूरे उत्साह और आनंद के साथ मनाया। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कई रचनात्मक और आनंदपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गयीं। इनमें दीया सजावट, रंगोली, टेक रंगोली, फूलों की साज-सज्जा और सलाद सजावट प्रतियोगिताएं शामिल थीं। दीया सजावट प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए रंगों, मोतियों और लेस का उपयोग कर सुंदर दीये सजाये। रंगोली प्रतियोगिता में उन्होंने जीवंत रंगों का प्रयोग कर आकर्षक रंगोलियां बनायी। टेक रंगोली में विद्यार्थियों ने तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर नये और अनोखे डिजाइन बनाये।




फूलों की साज-सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फूलों का उपयोग करके मनमोहक सजावट प्रस्तुत की। सलाद सजावट प्रतियोगिता में बच्चों ने पौष्टिक खाद्य पदार्थों से सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक सलाद तैयार किये, जिससे अच्छे स्वास्थ्य का संदेश भी मिला।

इसके अतिरिक्त, समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को दीपशिखा संस्था के स्टॉल से सामग्री खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे जरूरतमंदों की मदद कर सकें और समाज में योगदान दे सकें।

प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी को दिवाली और छठ की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि दीवाली का पर्व हमें अंधकार पर प्रकाश की जीत का संदेश देता है, और हमें अपने जीवन में ज्ञान और सकारात्मकता को अपनाना चाहिए।

## प्रत्याशी अलबिन लकड़ा ने जनसंपर्क अभियान चलाया



रांची (आजाद सिपाही)। हटिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी अलबिन लकड़ा अपने क्षेत्र का भ्रमण कर अपने पक्ष में वोट करने के लिए जन संपर्क अभियान चला रहे हैं। बुधवार को हटिया विधानसभा क्षेत्र के बॉर्डर गांव का भ्रमण किया। साथ ही वहां के समर्पित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ बैठक कर प्रत्याशी अलबिन लकड़ा ने अपने पक्ष में वोट करने के लिए अपील की। मौके पर समाजसेवी मुंतजीर खान, कार्यकर्ता बेलास तिग्गा, जीवन तिग्गा, शशि कांत तिर्की, रवि प्रभाकर तिर्की, दीपक लकड़ा, अनिल बारी, फरीद अंसारी, दीपक कच्छप, अनिल मुंडा एवं अन्य मौजूद थे।

# भाजपा के बागी मुनचुन राय ने रांची से नामांकन वापस लिया, संदीप वर्मा भी हटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा से बगावत कर रांची विधानसभा चुनाव क्षेत्र से चुनाव लड़ने को लेकर नामांकन करने वाले मुनचुन राय और संदीप वर्मा ने नाम वापस ले लिया है। भाजपा के लिए यह राहत भरी खबर है। भाजपा की रणनीति काम आयी और चुनाव लड़ने पर अड़े मुनचुन राय और संदीप वर्मा मान गये।

खासकर मुनचुन राय के चुनाव मैदान से हटाने की खबर को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योंकि मुनचुन राय यदि चुनाव मैदान में रहते तो भाजपा के गढ़ चुटिया में परेशानी पैदा करते। मुनचुन राय के समर्थकों की संख्या है।

मुनचुन राय को मनाने की कोशिश पिछले कई दिनों से हो रही थी। आखिरकार उन्होंने सस्पेंस खत्म करते हुए आज अपना नाम वापस ले लिया। मुनचुन राय की नाराजगी दूर करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह खुद उनके घर गये। उनसे खुलकर बात की और उनकी नाराजगी दूर करने में सफलता मिली। पार्टी में मान सम्मान दिये जाने का भरोसा मुनचुन राय को दिया गया है।





इधर मुनचुन राय पर एक तरफ चुनाव मैदान से हटने का दबाव था तो दूसरी ओर मैदान में रहने के लिए भी खूब प्रेशर डाला गया। प्रेशर ऐसा था कि मुनचुन राय को फैसला लेने में तीन-चार दिनों का समय लग गया। आखिरकार उन्होंने अपने लोगों की बात मानी और भाजपा में बने रहने का फैसला लिया।

इधर भाजपा के खिलाफ बगावत करने वाले संदीप वर्मा भी मान गये।

संदीप वर्मा को मनाने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश उनके घर गये थे। कांके से नामांकन करने वाले कमलेश राम भी चुनाव मैदान से हट गये हैं। इस तरह भाजपा ने रांची और कांके में बागी नेताओं को मना लिया है।

# डॉ राजश्री जयंती की पुस्तक का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में डॉ राजश्री जयंती द्वारा लिखित पुस्तक अवर इंवाइरोमेंट फ्रॉम ऋग्वेदा टू गांधी का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की चिंता करना हमारा दायित्व है। डॉक्टर रवींद्र राय ने कहा कि पर्यावरण को नष्ट करने का अर्थ है हम खुद के लिए गड्ढा खोदना। इस मौके पर डॉ राजश्री जयंती ने कहा कि यह पुस्तक हमारी पुरानी संस्कृति और पर्यावरण के बीच गहरे संबंध को दर्शाती है। समारोह में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें डॉ आरएन पांडेय, डॉ जयदीपा, संदीप वर्मा, कुमार संजय, मुक्ति शहदेव, सुरेंद्र नीलम, रजनी शर्मा, रेणु झा, चंद्र दीप शोभना, जयंती सुनीता, और ओम प्रकाश असित सेन शामिल थे।




# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, लोगों से शांतिपूर्ण वोट डालने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाली है। इसके पहले दीपावली-छठ पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। इस बीच रांची पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और शांति बनाये रखने की अपील की है। दीपावली 31 दिसंबर को मनाया जायेगा और वहीं छठ पूजा 5 नवंबर से शुरू हो रही है। इसके बाद विधानसभा चुनाव होने वाला है। इस बीच रांची पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि सभी लोग मिलजुल कर पर्व मनायें और अफवाह पर ध्यान न दें। इसके अलावे चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से वोट डालने की अपील की है।



## महत्वपूर्ण खबरें

### जयराम की पार्टी के 76 उम्मीदवार चुनाव मैदान में, मेनिफेस्टो में 75 वादे



रांची (आजाद सिपाही)। जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा ने अब तक चुनावी अखाड़े में 76 उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुका है। वहीं बुधवार को अपना मेनिफेस्टो भी जारी कर दिया। इस मेनिफेस्टो में 75 वादे किये गये हैं। प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि हम सभी वादों पर खरे उतरेंगे। पार्टी अपने नीति और सिद्धांतों के साथ समझौता नहीं कर सकती। इस मौके पर विजय कुमार सिंह, अमित गिरि, मार्शल महतो, सूरज महतो, सुमित खतियानी सहित अन्य मौजूद थे।

### खिजरी विस चुनाव में जेएलकेएम से समुंदर पाहन के आने से मुकाबला त्रिकोणीय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड लोक जनता मंच (जेएलकेएम) ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र से समुंदर पाहन को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। समुंदर पाहन की छवि एक साफ-सुथरे और मृदुभाषी नेता की है, और वे ओरमांझी के कुलहि पंचायत के मुखिया तथा पड़हा प्रमुख भी हैं। समुंदर पाहन के टिकट मिलने से खिजरी विधानसभा चुनाव त्रिकोणीय हो गया है। जेएलकेएम की इस घोषणा से चुनावी समीकरण बदल गये हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी समुंदर पाहन की उम्मीदवारी का फायदा उठाने के लिए क्या रणनीति अपनाती है।

### नेत्रहीन छात्रों के बीच खुशियां बांटी



रांची (आजाद सिपाही)। संत जेवियर्स कॉलेज रांची की एनएसएस इकाई सेंट माइकल स्कूल फॉर ब्लाइंड में नेत्रहीन छात्रों के बीच खुशियां बांटी। उन्होंने नेत्रहीन छात्रों को पटाखे बांटे और उनके साथ दिवाली भी मनायी। उन्होंने इन छात्रों के मनोरंजन के लिए रंगोली भी बनायी। स्वयंसेवकों ने सेंट माइकल स्कूल फॉर ब्लाइंड के प्राचार्य को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और प्राचार्य ने इनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एनएसएस इकाई की सराहना की।

### धनंजय भगत गांधी को चुनाव चिह्न के रूप में नाव मिली



रांची (आजाद सिपाही)। मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल के प्रदेश अध्यक्ष और हटिया विधान सभा के उम्मीदवार धनंजय भगत गांधी को चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव चिह्न पाल युक्त नौका (नाव) छाप मिला है। धनंजय भगत गांधी ने जनता से अनुरोध किया है कि एक मौका दें। जीता तो मंईयां सम्मान के साथ-साथ बुतरू को भी सम्मान दिया जायेगा। रातू और नगड़ी प्रखंड के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण कराउंगा।

### रांची विस से बसपा के प्रत्याशी अभय प्रताप सिंह को इवीएम में क्रमांक संख्या एक मिला




रांची (आजाद सिपाही)। रांची विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल किये प्रत्याशियों की स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद बुधवार को आयोग द्वारा सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न और इवीएम में क्रमांक संख्या आवंटित किया गया। इसमें बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) के प्रत्याशी अभय प्रताप सिंह को पार्टी के चिह्न हाथी और इवीएम में क्रमांक संख्या एक मिला है। चुनाव चिह्न और क्रमांक संख्या मिलने के बाद अभय प्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ संपर्क अभियान पर निकल गये। उन्होंने लोहरा कोचा, लालपुर, प्लाजा चौक और चुटिया तक में अपने समर्थकों से मुलाकात किया।

### सीमा रॉय को चुनाव चिह्न बांसुरी और क्रमांक संख्या 13 मिला



रांची (आजाद सिपाही)। कांके विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मंत्री बैद्यनाथ राम की पत्नी सीमा रॉय को आयोग द्वारा बुधवार को चुनाव चिह्न और इवीएम में क्रमांक संख्या 13 आवंटित किया गया। इसके बाद सीमा रॉय ने कहा कि मुझे चुनाव आयोग द्वारा चुनाव चिह्न बांसुरी दिया गया और क्रमांक संख्या 13 है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने ठाना है इस बार काम नहीं करने वाले लोगों की बांसुरी बजा देना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों का अपार समर्थन और प्यार मिल रहा है।

# खूंटी सीट से 11 और तोरपा से 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

## तोरपा सीट से एक निर्दलीय प्रत्याशी ने वापस लिया नामांकन प्रपत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र 59 तोरपा और 60 खूंटी के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन बुधवार को तोरपा सीट से एक निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। मौके पर सभी उीय और निर्दलीय उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न का आवंटन किया गया। समाहरणालय के सभागार में बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र (60) में किसी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नही लिया गया। खूंटी विधानसभा सीट से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं। खूंटी से उम्मीदवार और उनके चुनाव चिह्न इस प्रकार हैंः सोमा मुंडा (अबुआ झारखंड पार्टी) चुनाव चिह्न हीरा, पास्टर संजय कुमार तिर्की (निर्दलीय) चुनाव चिह्न इंट, मसीह चरण मुंडा (भारत आदिवासी पार्टी)-हॉकी,0 और बॉल, नीलकंठ सिंह मुंडा (भारतीय जनता पार्टी) कमल, सामुएल पूर्ति (आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया) कोट, दुर्गावती ओड़ेया (निर्दलीय)ब्रश, आलोक रितेश डुंगडुंग (बहुजन समाज पार्टी) हाथी, बी अनिल कुमार (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) कैंची, विश्वकर्मा उरांव (निर्दलीय) बल्ला, चम्पा हेरेंज (निर्दलीय) चारपाई, और राम सूर्या मुंडा (झारखंड मुक्ति मोर्चा) तीर कमान।



### तोरपा सीट से 12 प्रत्याशी रह गये मैदान में

59 तोरपा सीट से एक निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र बड़ाईक ने अपना नामांकन प्रपत्र वापस ले लिया। यहां से अब 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं। इस सीट से प्रत्याशी और उनका चुनाव चिह्न इस प्रकार हैं रिलन एमन होरो (अबुआ झारखंड पार्टी) चुनाव चिह्न हीरा, कोचे मुण्डा (भारतीय जनता पार्टी) कमल, सुदीप गुड़िया (झारखंड मुक्ति मोर्चा) तीर कमान, शिवराज बड़ाईक (निर्दलीय) गैस सिलिंडर, समड़ोम गुड़िया (आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया) कोट, ब्रजेंद्र हेमरोम (निर्दलीय) हॉकी और बॉल, सावित्री देवी (बहुजन समाज पार्टी) हाथी, अनिता सुरीन (निर्दलीय) गन्ना किसान, विलसन भेंगरा (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) कैंची, कुलन पतरस आईन्द (झारखंड पार्टी) फलों से युक्त टोकरी, बिनोद कुमार बड़ाईक (निर्दलीय) डीजल पंप और पुनित हेमरोम (निर्दलीय) को ऑटो रिक्शा चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है।

#### कोचे मुंडा से मिले भाजपा के शिवराज बड़ाइक

# कोचे मुंडा को वैचारिक समर्थन है : शिवराज



आजाद सिपाही संवाददाता

**तोरपा।** भाजपा का टिकट नहीं मिलने से नाराज निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे शिवराज बड़ाईक बुधवार को निवर्तमान विधायक कोचे मुंडा के आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने एक दूसरे से मिलकर गिले शिकवे दूर किये। बुधवार को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज बड़ाईक ने नाम वापस नहीं लिया है। पत्रकारों के पूछने पर उन्होंने कहा कि कोचे मुंडा छोटे भाई हैं। हमलोग अलग अलग चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ रहे है। कोचे मुंडा को समर्थन देंगे या नहीं इस पर उन्होंने कहा कि मेरा वैचारिक समर्थन कोचे मुंडा को है।

# विधानसभा चुनाव में जागरूक होकर सही उम्मीदवार को चुनें : डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा बुधवार को मॉडल स्कूल खूंटीह्ल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने स्कूल के विद्यार्थियों को कानूनी अधिकार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डालसा समाज के अंतिम पायदान के व्यक्तियों को निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सहायता और सेवा प्रदान करता है। साथ ही समय-समय पर देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों और महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि अभी फिलहाल विधानसभा का चुनाव अभियान शुरू हो चुका है। इसमें हम सभी भारतीय नागरिक होने के नाते जागरूक होकर सही उम्मीदवार का चुनाव करें, ताकि हमारे क्षेत्र में एक भी ऐसा परिवार न छूटे, जो सरकार की योजनाओं से वंचित रहे। तभी हमारा परिवार, समाज, राज्य और देश का विकास हो पायेगा। कानून के बारे में प्रत्येक बच्चों को अभी से ही जानकारी रखना जरूरी है। मदन मोहन राम ने बच्चों को नशे के कारण समाज में पड़ रहे दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए कहा कि नशापान के कारण लोगों को आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक रूप से परेशानियां उठानी पड़ती है।

इस जागरूकता शिविर में पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, डैप्थ सीनी से प्रतिवंती मेरी, डालसा के पीएलवी प्रेम कुमार ठाकुर और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे। यह जानकारी डालसा सचिव ने दी।

# तमाड़ विधानसभा से 19 उम्मीदवार, सभी को आवंटित किया गया चुनाव चिह्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से कुल 19 प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा भर थे। बुधवार को बुंडू अनुमंडल के निर्वाचन कार्यालय में नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों का नामांकन वापस लेने के तिथि था पर्यवेक्षक की उपस्थिति में निबार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने किया।

अनुमंडल पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की एक प्रत्याशी इसाहक हमसाय ने अपना नाम वापस लिया उसके पश्चात चुनाव चिन्ह दिया गया जिसमें सभी प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह इस प्रकार है। 1. विकास कुमार मुंडा झामुमो को तीर-धनुष 2. सुरेश मुंडा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी को हसुवा हथोड़ा तारा 3. उदार कान्त सिंह मुंडा हमर राज पार्टी बाल्टी 4.गोपाल कृष्ण पातर जदयू गैस सिलेंडर 5.दमयंती मुंडा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा कैंची 6. प्रेम शंकर शाही मुंडा भारत आदिवासी पार्टी हॉकी बैट बॉल 7. राजकुमार मुंडा झारखंड पार्टी फलो की टोकरी 8. लखींद्र मुंडा एनसीपी घड़ी 9. गुंजन इकिर मुंडा निर्दलीय को ऑटो रिक्शा 10. गुरुवा मुंडा निर्दलीय को एयर कंडीशन 11.जेहला कुटी निर्दलीय हो अलमीरा 12. देवनंदन सिंह मुंडा निर्दलीय को टेलीविजन 13. परमेश्वरी सांडिल निर्दलीय चुड़ी 14. विट सिंह मुंडा निर्दलीय को सेब 15. रविंद्र नाथ मुंडा निर्दलीय को बेबी वॉकर 16. सचिन पातर निर्दलीय को चारपाई 17. सिंगराय कुटी निर्दलीय को फुटबॉल खिलाड़ी 18. हराधन सिंह मुंडा निर्दलीय को अंगूठी छाप दिया गया है।

## राजा पीटर को जिताने को लेकर की चर्चा




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुधवार को अरुणालय बैंक्वेट हॉल बुंडू में भाजपा बुंडू नगर एवं ग्रामीण मंडल की बैठक। इस बैठक में बुंडू प्रखंड के 90 बूथों के बूथ प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए। सभी एनडीए उम्मीदवार राजा पीटर को जिताने को लेकर चर्चा की। इस बैठक में रंजीत लहरी, विवेकानंद जायसवाल, राजेश उरांव आलोक दास, गुप्तेश्वर भगत,भास्कर मुखर्जी, राजीव मुंडा, अर्जुन महतो, आकाश लायक, सुबोध मुखर्जी, चंदन मछुवा, कैलाश हलवाई, बंटी चौधरी, किरण देवी, लक्ष्मी देवी, सखी देवी, आदर्श कुमार, बलराम नायक, मुकुन्दर कोइरी, विवेक घोष, अजय पांडेय, शिवा दास, पवन जायसवाल, जीतू महतो, कृति भोगता आदि सैकड़ो भाजपाई उपस्थित थे।

## ईचागढ़ विस क्षेत्र से 23 प्रत्याशी आजमायेंगे अपना भाग्य

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव 2024 में कुल 24 प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया था। जिसमें स्कूटनी में एक निर्दलीय प्रत्याशी रीना महतो का नामांकन रद्द हुआ। बुधवार को नाम वापसी का आखरी दिन था, जिसमें कोई भी प्रत्याशी नाम वापस नहीं लिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में इन सभी प्रत्याशी मैदान पर है-कल्याण चंद्र सिंह, सबिता महतो, हरेलाल महतो, तरुण महतो, पृथ्वी नाथ महतो, प्रवेश कुमार, बीरेंद्र नाथ मांझी, रामहरि गोप, रिजवान, श्याम बिहारी प्रजापति, सुधाकर सिंह,अजमल बलखी, अनुप कुमार महतो, अरविन्द कुमार सिंह, आशुतोष महतो, आशु देव महतो, मो.कय्यूम खान, खगेन महतो, तुलसी दास महतो, बृहस्पति सिंह सरदार, मनु दत्त, शंभू गोराई और सुखराम हेम्ब्रम इस बार की चुनाव में अपना भाग्य अजमायेंगे। वही चर्चित निर्दलीय प्रत्याशी सुखराम हेंब्रम को फुटबॉल खिलाड़ी छाप तथा निर्दलीय प्रत्याशी खगेन महतो को हेलमेट छाप आवंटित प्रतीक चिन्ह मिला है।

# खलारी में दीपावली और महापर्व छठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में बुधवार को दीपावली और महापर्व छठ को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की उप-प्राचार्या सिस्टर नेली, सिस्टर निर्मला और सिस्टर ओलिव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने दिपावली और छठ से संबंधित नाटक और नृत्य का मंचन किया। कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के चैदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या आगमन को दीपोत्सव के रूप में मनाने के वृत्तांत को मंच पर दशार्या। इसके बाद महापर्व छठ को मनाने के विभिन्न चरणों को नृत्य के माध्यम से दशार्या गया। वहीं शिक्षक प्रभाकर शर्मा ने दीपावली और अम्बुज कर्मकार ने महापर्व छठ के बारे में परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान छोटे विद्यार्थियों द्वारा फुलझड़ियां जलाई गयी। पुरे कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन शिक्षिका नॉर्बरता टोप्पो और कक्षा दस की छात्राएं जोया परवीन, सुहाना सैफी, आस्था कुमारी और पल्लवी कुमारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्या सिस्टर नेली और सिस्टर निर्मला ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को दीपावली और छठ की शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों को सावधानी से दीपावली मनाने को कहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुकेश कुमार सिंह, विशाल शर्मा, अनिमा कांसीर, अंबुज कर्मकार, प्रभाकर शर्मा, नॉर्बरता टोप्पो और प्रतिमा बागे तथा कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को लॉयला इंटर कॉलेज और बिरसा कॉलेज खूंटी में प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मतदान कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मी, पुलिस पदाधिकारी, वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं इइएम को प्रशिक्षण दिया गया। सुबह 10 से संध्या पांच बजे तक आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मतदान से संबंधित सभी प्रक्रियाओं से पदाधिकारियों-कर्मचारियों को अवगत कराया गया। इसके तहत प्रपत्र 17 ब, पीठासीन डायरी, मॉक पोल रिपोर्ट आदि की जानकारी दी गयी। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रजेंटेशन दिखाकर सभी पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी गयी। इसके अलावा इवीएम से संबंधित विशेष जानकारी देते हुए इसके संचालन एवं सीलिंग के बारे में बताया गया। परियोजना निदेशक आइटीडीए सह वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप समेत अन्य पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

## जेनेट एकेडमी में दीया बनाओ और रंगोली प्रतियोगिता



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** जेनेट एकेडमी हेसालोग मैकलुस्कीगंज में दिया बनाओ एव रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही छठ पूजा कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रचार्य रंजीत कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षा के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे छात्र छात्राओं ने आकर्षक और सुंदर रंगोली बनाए थे। वही छात्रों के द्वारा दिया को आकर्षक रूप से सुंदर सजावट की गयी।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता





**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल बहेरा कल्याणपुर में रंगोली,दीया और कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में स्कुल के कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उमंग व उत्साह के साथ भाग लिया।

# रोशनी का महापर्व दीपावली आज, सारी तैयारी पूरी, बचरा के दुकानों में उमड़ी लोगों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रोशनी का महापर्व दीपावली आज मनाया जायेगा। दीपावली को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। लोग लक्ष्मी पूजा को लेकर अपने-अपने घरों को आकर्षक ढंग से सजाया है। वही दीपावली को लेकर आतिशबाजी की भी तैयारी की गई है। कोयलांचल क्षेत्र के सभी बाजारों में लगाये गये पटाखों की दुकानों में काफी भीड़ देखी जा रही है। महंगाई पर लोगों का उत्साह भारी देखा जा रहा है। बचरा चार नंबर चौक में एक दर्जन से अधिक पटाखे की दुकान लगायी गयी है, जिसमें विभिन्न प्रकार के पटाखे की बिक्री हो रही है। पटाखे की कीमतों में लगातार वृद्धि होने के बावजूद लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वही लोग अपने-अपने घरो की सजावट के लिए भी लाईट, बल्ब, झालर की खरीदारी कर रहे हैं, जिसको लेकर इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों में भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है। पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक, बचरा बाजारटांड़, राय बाजार, बेंती, बिलारी, किचटो, बहेरा, कारो, कल्याणपूर सहित अन्य जगहों पर दीपावली को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है और बाजरो में भीड़ देखी जा रही है। इधर दीपावली को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। दीपावली की रात कोयलांचल के विभिन्न जगहों पर होने वाले जुआ अड्डे पर पुलिस की पैनी नजर है।

पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र में कहीं भी यदि जुआ खेलने की सूचना मिली तो उस पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। जुवा का संचालन करने वाले एवं जुआ खेलने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। उन्होंने कहा कि दीपावली को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के अलावा आवासीय कॉलोनी में पुलिस के द्वारा गस्त बढ़ा दी गयी है।

## खलारी में दीपावली को लेकर खूब बिके दीये और मूर्तियां, मिठाई दुकान पर ग्राहकों की रही भीड़



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के केडी बाजार सहित कोयलांचल के बाजारों में बुधवार को दीपावली त्योहार को लेकर की खूब खरीदारी हुई। खरीदारी का आलम यह था कि केडी बाजार में मेले सा दृष्य लग रहा था। बाजार में लगी दुकानों से दीया, पटाखा, लक्ष्मी-गणेष की मूर्तियां, फूलों की माला, सजावट के सामानों की खूब बिक्री हुई। दिन भर पूजा भंडार, इलेक्ट्रोनिक्स दुकान, मिठाई की दुकान पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। बिजली व इलेक्ट्रॉनिक लड़ियों और सजावट के सामानों की खूब बिक्री हुई। पूरे क्षेत्र के होटलों में टनों में लड्डू व मिठाइयां बनायी गयी हैं। लड्डू की बिक्री दो सौ रूपए से लेकर साढे चार सौ रूपये तक की जा रही है। वहीं लक्ष्मी गणेष की प्रतिमा पचास रूपए से लेकर 15 सौ रूपए तक बिक रही हैं। दीया दो सौ रूपये सैकड़ा बिके। केडी रोड में फुटपाथ में दीया, पटाखे तथा अन्य सजावट के सामान बेचने वालों की दर्जनों दुकानें लगी हुई है।

## भारत स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय परिसर से बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत भारत स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया गया। इस दौरान सभी को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलायी गयी।


**प्रारूप -C1**

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **नीलकंठ सिंह मुण्डा, ग्राम-माहिल जामटोली, पो0 माहिल, थाना- मुरहू जिला - खूंटी**

राजनीतिक दल का नाम :- **भारतीय जनता पार्टी**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60 खूंटी (अ.ज.जा)**

मैं **नीलकंठ सिंह मुण्डा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सार्थक शर्मा न्यायिक दण्डाधिकारी, राँची | लालपुर थाना कांड संख्या 203 / 24 दिनांक 23.08.2024 | लम्बित फाईनल फार्म हेतु | 191 (1) 190/ 115 (2) 117 (2)/109)/121(1)125 /132/324 (2) 351(2)252/61 (2) BNS - नाजायज मजमा लगाकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जानलेवा हमला करना। |

B) दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश आदेशों की तिथि | कार्यलय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड | |
|---|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख।

ह0
नीलकंट सिंह मुण्डा
भारतीय जनता पार्टी
विधानसभा 2024

